# आचार संहिता

2025



Aptar

# विषय-सूची


प्रस्तावना

| | |
|---|---|
| CEO से नोट | 04 |
| एट्टार के बुनियादी मूल्य | 05 |
| प्रस्तावना | 06 |

विषय

| | |
|---|---|
| काम पर नैतिक व्यवहार | 08 |
| रिश्वतखोरी | 10 |
| उपहार और मेहमाननवाजी दिशा-निर्देश | 12 |
| हितों का टकराव | 14 |
| गोपनीयता | 16 |
| डेटा गुप्तता | 18 |
| मानवाधिकार और स्थिरता | 20 |
| आर्थिक प्रतिबंध | 22 |
| अविश्वास | 24 |
| कर और रिपोर्टिंग | 26 |
| इनसाइडर ट्रेडिंग | 28 |
| चिंता को कैसे रिपोर्ट करें | 30 |
| संशोधन, परिवर्तन और छूट | 32 |
| अनुपालन प्रमाण-पत्र | 33 |

# CEO से नोट

एट्टार में, हमें गर्व है कि हम ईमानदारी से, नैतिक रुप से, वैध रुप से और अपने बुनियादी मूल्यों के मुताबिक व्यापार करते हैं।

हम ईमानदारी के मामले में कभी भी समझौता नहीं करते हैं और हमें यकीन है कि नैतिकता और अनुपालन के ऊंचे स्तरों को बनाए रखना आज और भविष्य में हमारी वृद्धि और कामयाबी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

इस आचार-संहिता को व्यवहार के मामले में हमारा मार्गदर्शन करने और व्यापार संबंधी ईमानदारी से सही फैसले लेने के लिए एक कम्पास का काम करना चाहिए। यह हमें एक साझी भाषा और नियमों का एक ढाँचा प्रदान करती है जिनका हर समय पालन किया जाना चाहिए ताकि हम अपने बुनियादी मूल्यों के अनुसार चल सकें।

हमें यकीन है कि नैतिकता के उच्चतम स्तर रखने से हमारे सहकर्मियों, ग्राहकों, कारोबारी भागीदारों और दूसरे हितधारकों के अंदर भरोसा पैदा होता है।

यह आचार-संहिता बिना किसी अपवाद के कंपनी के सारे लेवल पर हम सभी पर लागू होती है - चाहे हमारी जो भी भूमिका हो, हम चाहे कहीं भी काम करते हों।

हम आप सभी से उम्मीद करते हैं कि आप हमारे व्यापार की ईमानदारी की रक्षा करने के लिए इस आचार-संहिता की नीतियों और प्रक्रियाओं का पूरी तरह से अनुपालन करेंगे।



*Stephan B. Tanda*

स्टीफन बी. टेंडा
अध्यक्ष + मुख्य कार्यकारी अधिकारी



# एट्टार बुनियादी मूल्य

हमें यकीन हैं कि हर व्यक्ति का आत्म-सम्मान है, फिर चाहे उसकी हैसियत जो भी हो।

हम ऐसे संबंध बनाने का यत्न करते हैं जो निष्कपटता, ईमानदारी और फीडबैक पर आधारित हों।

हम हर लेवल पर टीमवर्क और सहयोग को बढ़ावा देते हैं।

हम लोगों को अपने सामर्थ्य को बढ़ाने और पहलकदमी करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

हम ऐसे कारोबारी संबंधों का अभ्यास करते हैं जो जिम्मेदारी और सारे हितधारकों के दीर्घकालिक और परस्पर हितों पर आधारित हों।

# प्रस्तावना

एप्टार विश्व में बिना किसी अपवाद के हर जगह सभी लागू कानूनों का पालन करने का यत्न करता है। यह आचार-संहिता उन कानूनों का सारांश देती है और उनको समझाती है जिनका हर समय पालन किया जाना चाहिए।

एप्टार हर लेवल पर सभी कर्मचारियों और निदेशकों से इस आचार-संहिता का सख्ती से पालन करने की अपेक्षा करता है। यह अपने सप्लायरों, वितरकों और सलाहकारों से भी इस आचार-संहिता और सारे लागू कानूनों का पालन करने की अपेक्षा करता है जब वह हमारी कंपनी के पक्ष में काम करते हैं। इन नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करने में विफलता बहुत ही गंभीर मामला समझा जाएगा।

इस आचार-संहिता के तहत जिम्मेदारियों के बारे में सवाल या चिंताएं अनुपालन टीम को भेजी जानी चाहिए।


किम्बर्ली वाई. चेनी

EVP, मुख्य कानूनी अधिकारी और कॉर्पोरेट सचिव

ईमेल

compliance.officer@aptar.com

डाक पता

AptarGroup, Inc.
265 Exchange Drive, Suite 301
Crystal Lake, Illinois 60014
USA

फोन

+1 815 479 5604


**आप एप्टार के पेशेवर चेतावनी सिस्टम EthicsPoint, http://aptar.ethicspoint.com, के जरिए चिंताओं को रिपोर्ट कर सकते हैं,** जैसे इस आचार-संहिता के अंत में समझाया गया है।

इस दस्तावेज़ को हर साल एक प्रमाणन प्रक्रिया के माध्यम से स्वीकार किया जाता है।



# काम पर नैतिक व्यवहार

**एप्टार यह सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध है कि सारे कर्मचारी कंपनी में काम करते हुए सुरक्षित महसूस करें जो बिना किसी नाजायज़ भेदभाव के विविधता और समावेश को बढ़ावा देती है।**

सभी कर्मचारियों, अधिकारियो और निदेशकों को भी सूचीबद्ध कंपनी की संपत्तियों की रक्षा करनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका कुशल तरीके से इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि चोरी, लापरवाही और बर्बादी का कंपनी के लाभ पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

हमें सहकर्मियों के तौर पर एक-दूसरे के साथ निष्पक्ष रुप से और पूरे विश्वास के साथ पेश आना चाहिए, लेकिन एप्टार के ग्राहकों, सप्लायरों और प्रतियोगियों से साथ भी।

हमें किसी चालबाज़ी, छिपाव, विशेषाधिकृत जानकारी के दुरुपयोग, महत्वपूर्ण तथ्यों की गलतबयानी या अन्य किसी अनुचित व्यवहार के ज़रिए किसी भी व्यक्ति का अनुचित फायदा नहीं उठाना चाहिए।

विविधता, समावेश और समान अवसर एप्टार के लिए बुनियादी वचनबद्धता है। इसलिए, जाति, त्वचा के रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, यौन अभिविन्यास, वैवाहिक स्थिति, उम्र, धर्म, विकलांगता, सेवानिवृत्त सैनिक स्थिति, राजनीति, भाषा, या यूनियन में भागीदारी या गतिविधि के आधार पर किसी भी भेदभाव की अनुमति नहीं है।

हर लेवल पर हमारी यह जिम्मेदारी है कि काम पर तंग-परेशान करने वाले, अभद्र, असभ्य, या अन्य गैर-पेशेवर व्यवहार से मुक्त वातावरण प्रदान किया जाए। किसी भी कर्मचारी से किसी भी तरह का यौन उत्पीड़न, मौखिक या शारीरिक, को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जोखिम क्या हैं?

- कानूनी जोखिम
- प्रतिष्ठा को जोखिम
- व्यक्तिगत अनुशासनिक प्रतिबंध

### आपको यह अवश्य करना है

- हरेक व्यक्ति के साथ जाति, त्वचा के रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, यौन अभिविन्यास, वैवाहिक स्थिति, उम्र, धर्म, विकलांगता, सेवानिवृत्त सैनिक स्थिति, राजनीति, भाषा, या यूनियन में भागीदारी या गतिविधि के आधार पर भेदभाव के बिना उचित और समान व्यवहार करना

### आपको यह अवश्य नहीं करना है

- ऐसा व्यवहार करना जो मौखिक या शारीरिक रुप से डराने वाला या अपमानजनक है
- किसी प्रकार का उत्पीड़न करना या धमकाना
- ऐसा व्यवहार करना जिसे यौन उत्पीड़न माना जा सकता है



### क्या कदम उठाएं?

आपका एक सहकर्मी आपके सामने अश्लील मज़ाक करता है। यह आपको बहुत असहज महसूस कराता है लेकिन आप डरे हुए महसूस करते हैं और आपको पता नहीं है कि क्या कदम उठाना। आपको क्या करना चाहिए?

Iअगर आपका सहकर्मी यह नहीं समझता है कि उसका व्यवहार अनुचित है, तो आपको इस मुद्दे की रिपोर्ट अपने स्थानीय HR को करनी चाहिए या अपने मैनेजर से बात करनी चाहिए। अगर आप उनको सीधे इस मुद्दे को रिपोर्ट करने में असहज महसूस करते हैं, तो आप अनुपालन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं या समस्या को रिपोर्ट करने के लिए एप्टार के पेशेवर चेतावनी सिस्टम EthicsPoint: http://aptar.ethicspoint.com (चिंता को कैसे रिपोर्ट करें अध्याय देखें) का इस्तेमाल कर सकते हैं।

आप देखते हैं कि कर्मचारियों का एक समूह किसी अन्य सहकर्मी का उसके यौन अभिविन्यास के कारण मज़ाक उड़ा रहा है। ऐसा लगता है कि मज़ाक के बावजूद उनकी अच्छी बनती है, लेकिन आप फिर भी सोचते हैं कि यह अनुचित है। आपको क्या करना चाहिए?

अगर आपके सहकर्मी यह नहीं समझते हैं कि उनका व्यवहार अनुचित है, तो आपको इस मुद्दे की रिपोर्ट अपने स्थानीय HR को करनी चाहिए या अपने मैनेजर से बात करनी चाहिए। अगर आप उनको सीधे इस मुद्दे को रिपोर्ट करने में असहज महसूस करते हैं, तो आप अनुपालन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं या समस्या को रिपोर्ट करने के लिए एप्टार के पेशेवर चेतावनी सिस्टम EthicsPoint, http://aptar.ethicspoint.com.

# रिश्वतखोरी

**एट्टार में हमें विश्वास है कि व्यापार नैतिक तरीके से किया जाना चाहिए। इसलिए भ्रष्टाचार के सारे काम वर्जित हैं। जिस देशों में एट्टार मौजूद है, उन सभी देशों में हमारी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के सारे कामों के प्रति पूर्ण रुप से असहनशीलता नीति है।**

### रिश्वतखोरी क्या है?

जब अनुचित लाभ के बदले या किसी व्यक्ति के फैसले को प्रभावित करने के लिए पैसा या कोई कीमती चीज़ पेश की जाती है, देने का वादा किया जाता है या दी जाती है, तो उसे रिश्वतखोरी कहते हैं। इसमें रिश्वत मांगना या स्वीकार करना भी शामिल है।

पैसे के रुप में रिश्वत दी जा सकती है, लेकिन दान, उपहारों या मेहमाननवाज़ी, नौकरी या किसी सेवा के वायदे के रुप में भी दी जा सकती है। रिश्वतखोरी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से हो सकती है, उदाहरण के लिए बिचवई के तौर पर तीसरे पक्षों को इस्तेमाल करना। रिश्वतखोरी सार्वजनिक या प्राइवेट सेक्टर में हो सकती है। काम निकलवाने के लिए किए गए भुगतान को भी रिश्वत माना जाता है: यह ऐसी सेवा पाने के लिए सरकारी अधिकारियों को किए गए छोटे अनौपचारिक भुगतान होते हैं जिनका भुगतानकर्ता हासिल करने का आम तौर पर हकदार होता है, जैसे कि वीज़ा, परमिट या लाइसेंस, कस्टम क्लीयरेन्स आदि।

### जोखिम क्या हैं?

रिश्वत विरोधी कानूनों (यूएस विदेश भ्रष्ट अभ्यास अधिनियम (FCPA), यूके रिश्वतखोरी अधिनियम, फ्रेंच सेपीयन II कानून, जिन सभी का दायरा अंतरराष्ट्रीय है, और अन्य स्थानीय कानून) के उल्लंघन का नतीजा गंभीर सिविल और आपराधिक दंड हो सकते हैं, जिसमें एट्टार, इसके कर्मचारियों और तीसरे पक्षों के लिए भारी जुर्माने और जेल की सजाएं शामिल हैं। इसके अलावा, कंपनी द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाइयां की जा सकती हैं।

### आपको यह अवश्य करना है

- जब आप अनैतिक स्थिति का सामना कर रहे हैं, तो अनुपालन अधिकारी से संपर्क करना
- विदेशी सरकारी अधिकारियों के साथ व्यवहार करते समय सावधान रहना
- सुनिश्चित करना कि सारे भुगतानों और लेनदेन को उचित स्वीकृति मिली है और कंपनी की बुक्स में इन्हें सही-सही रिकार्ड किया गया है
- कानूनी विभाग को पूछना कि वह आपकी तीसरे पक्षों, खासकर बिचवइयों और सेवा प्रदाताओं के साथ लिखित समझौतों में नैतिक और अनुपालन उपनियमों को शामिल करने में मदद करें
- जब भी आपको कोई उपहार या संदेहजनक निवेदन मिलता है, तो हमेशा खुद से सवाल पूछना और संदेह होने पर अनुपालन अधिकारी से संपर्क करना
- रिश्वत की किसी भी मांग को हमेशा अनुपालन अधिकारी को रिपोर्ट करना

### आपको यह अवश्य नहीं करना है

- कोई उपहार या मेहमाननवाज़ी को स्वीकार करना जो कारोबारी संबंधों को प्रभावित कर सकता है
- अनुचित लाभ के बदले किसी कीमती चीज़ को स्वीकार करना या मांगना
- अनुचित अनुग्रह पाने के लिए या किसी व्यक्ति के फैसले को प्रभावित करने के लिए कोई कीमती चीज़ पेश करना, देने का वादा करना या देना




### क्या कदम उठाएं?

आपका एक ग्राहक आपको एक मेहमान के तौर पर सप्लायर के प्लांट के दौरे का आमंत्रण देता है जिसमें किसी समर रिजार्ट में रहना शामिल है। आपको यह पेशकश की जाती है कि आपके और आपके जीवन साथी के रहने और सारे खानों का भुगतान किया जाएगा। आपको क्या करना चाहिए?

**आप प्लांट के दौरे को स्वीकार कर सकते हैं जिसके लिए आपके मैनेजर की मंजूरी ज़रुरी है, लेकिन आपको इस पेशकश को ठुकरा देना चाहिए कि आपके और आपके जीवन साथी के रहने और खानों का भुगतान किया जाएगा।**

एट्टार के उत्पादों को जिनको तुरंत एक ग्राहक को डिलीवर किया जाना चाहिए, बार्डर पर रोक दिया गया है। कस्टम एजेंट आपको कहता है कि उत्पादों को जल्दी से छुड़वाने की प्रक्रिया को तेज़ करने के लिए आप सीधे एक छोटी रकम (50 अमरीकी डालर) दे सकते हैं। आपको क्या करना चाहिए?

**अपने ग्राहक के हित और एक अवैध काम के बीच यह एक मुश्किल दुविधा है, लेकिन आप भुगतान करने के लिए सहमत नहीं हो सकते हैं। आपको उस स्थिति से निकलने के लिए अनुपालन अधिकारी से मदद लेनी चाहिए।**

# उपहार और मेहमाननवाजी दिशा-निर्देश

**एट्रार की रिश्वतखोरी के प्रति पूर्ण रूप से असहनशीलता नीति है। इसलिए जब उपहार पेश करने या स्वीकार करने की बात आती है, तो आपको बेहद सावधानी बरतनी चाहिए।**

### इस संदर्भ में "उपहार" क्या है?

एक "उपहार" कोई भी भेंट, अनुग्रह, मनोरंजन या अन्य चीज़ है जिसका मौद्रिक मूल्य है, जिसमें सेवाओं के उपहार भी शामिल हैं। मेहमाननवाजी ऐसे उपहार होते हैं जिनमें परिवहन, आवास और खाने शामिल होते हैं।

व्यापार करते हुए उचित मनोरंजन और उपहार पेश करके ग्राहकों और कारोबारी भागीदारों के लिए शिष्टाचार दिखाने से कारोबारी संबंध बनाने या मज़बूत करने में मदद मिलती है। लेकिन ऐसे शिष्टाचार के काम हमारी आचार-संहिता के मुताबिक होने चाहिए और किसी भी तरह के भ्रष्ट इरादे का संकेत नहीं होना चाहिए या इसे छिपाया नहीं जाना चाहिए। किसी उपहार की कीमत का कभी भी अपने पेशेवर कर्तव्य निभाते समय आपके किसी फैसले पर प्रभाव नहीं पड़ने देना चाहिए, ना ही इससे हितों के टकराव की स्थिति पैदा होनी चाहिए। इसलिए, मैनेजर और/या अनुपालन अधिकारी की स्वीकृति के साथ व्यापार के सिर्फ जायज उद्देश्य के लिए उचित उपहार पेश किए या कबूल किए जा सकते हैं।

**एट्रार उपहारों के लिए 50 अमरीकी डालर की सीमा निर्धारित करता है जो दिए और/या लिए जा सकते हैं। मेहमानिवाज़ी के संबंध में, आप ग्राहकों या कारोबारी भागीदारों को लंच या डिनर के लिए बुला सकते हैं अगर संयुक्त राज्य अमरीका, यूरोप, खाड़ी क्षेत्र में रकम प्रति व्यक्ति 100 अमरीकी डालर/यूरो और एशिया और लातीनी अमरीका में 70 अमरीकी डालर/यूरो से ज़्यादा नहीं है। सारे खर्चे यात्रा नीति के मुताबिक होने चाहिए और इसकी मंजूरी लेनी चाहिए।** हरेक देश में निर्वाह की लागत अलग-अलग हो सकती है, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपके स्थानीय कारोबारी माहौल के संदर्भ में यह उपहार वाजिब है।

### आपको यह अवश्य करना है

- किसी भी कीमती उपहार या मेहमाननवाजी की पेशकश के बारे में अनुपालन अधिकारी को बताना और इसे स्वीकार करने या किसी ग्राहक को पेश करने के लिए लिखित अनुमति लेना
- संभावित सप्लायरों से कीमती उपहारों को अस्वीकार करना, ख़ासकर अगर वे एट्रार के साथ बोली की प्रक्रिया में शामिल हैं
- अगर आपको किसी सम्मेलन या सेमीनार के लिए आमंत्रित किया जाता है, तो आपको इस पेशकश के बारे में अपने मैनेजर और अनुपालन अधिकारी को बताना चाहिए और इसे स्वीकार करने के लिए उनकी लिखित अनुमति लेनी चाहिए और एट्रार को आपके रहने के खर्च का भुगतान करना चाहिए अगर यह दौरा आवश्यक लगता है
- आपको व्यापार से जुड़े उद्देश्यों के लिए ही रेस्टोरेंट के आमंत्रण स्वीकार करने चाहिए या पेश करने चाहिए और उचित रेस्टोरेंट का चुनाव किया जाना चाहिए और यह प्रति व्यक्ति 70/100 अमरीकी डालर/यूरो सीमा के मुताबिक होना चाहिए

### आपको यह अवश्य नहीं करना है

- किसी सप्लायर या ग्राहक से मिले किसी भी उपहार को छुपाना
- किसी कारोबारी भागीदार द्वारा पेश किए गए कीमती दौरे को स्वीकार करना अगर आपको अनुपालन अधिकारी और आपके मैनेजर की लिखित मंजूरी नहीं मिली है
- कीमती उपहार पेश करना या स्वीकार करना जिसका कारोबारी फैसलों पर प्रभाव पड़ सकता है




### क्या कदम उठाएं?

एट्रार मौजूदा समय में नए सप्लायरों का चुनाव करने के लिए टेंडर प्रक्रिया में शामिल है। इस बोली के चरण में, एक सप्लायर आपको अपनी सुविधाएं और अपने किए गए कामों की मिसालें दिखाने के लिए विदेश में एक अच्छी जगह पर आमंत्रित करता है। वह आपके सफर और रहने के खर्च का भुगतान करने की पेशकश करता है। आपको क्या करना चाहिए?

**टेंडर प्रक्रिया के दौरान आपको किसी भी स्लायर से कोई आमंत्रण स्वीकार नहीं करना चाहिए। हमेशा अनुपालन अधिकारी की मंज़ूरी आवश्यक है और क्रय विभाग से मार्गदर्शन लें॥**

एट्रार के साथ लाभदायक सहयोग के लिए आपको धन्यवाद उपहार के रूप में एक टैबलेट मिलती है। आप इसका इस्तेमाल अपनी ईमेलों देखने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं और इसका पेशेवर इस्तेमाल है। क्या आप इसे रख सकते हैं?

**चाहे कि ग्राहक शायद किए गए अच्छे काम के लिए आपका धन्यवाद करना चाहता है, लेकिन फिर भी यह एक महंगा उपहार है और आप इसे स्वीकार नहीं सकते हैं क्योंकि इसकी कीमत 50 अमरीकी डालर/यूरो की सीमा से अधिक है। आपको ग्राहक को समझाना चाहिए कि आप इस उपहार के लिए आभारी हैं, लेकिन आंतरिक अनुपालन नीतियां आपको इसे स्वीकार करने से रोकती हैं।**

अधिक जानकारी के लिए, ख़ासकर दान और स्पान्सर्शिप पर अधिक दिशा-निर्देश के लिए, कृपया हमारी समर्पित दान और स्पान्सर्शिप नीति (G17) देखें

# हितों का टकराव

**हितों का टकराव लीडरों, निदेशकों या मैनेजरों तक ही सीमित नहीं होता है: कंपनी में कोई भी व्यक्ति ऐसी स्थिति का सामना कर सकता है। इसे पहचानना बहुत ही अहम है ताकि उचित कार्रवाइयां की जा सकें।**

### हितों का टकराव क्या होता है?

हितों का टकराव ऐसी स्थिति को दर्शाता है जिसमें आपके निजी हित कंपनी के हितों में हस्तक्षेप करते हैं या हस्तक्षेप करते हुए प्रतीत होते हैं, जब आपको पेशेवर कर्तव्यों की बजाए निजी लाभ को चुनना पड़ सकता है। हितों के टकराव की स्थिति में, आपके निजी हित संभावित रुप से अपने पेशेवर कर्तव्यों को पूरा करने में आपके फैसले को प्रभावित कर सकते हैं और अपने पेशेवर कर्तव्यों को निष्पक्षता और प्रभावशाली ढंग से पूरा करना मुश्किल बना सकते हैं। हितों का टकराव तब भी पैदा हो सकता है जब कंपनी में आपकी पदवी की वजह से इसमें शामिल आपके परिवार के सदस्य, दोस्त या दूसरे संगठन अनुचित लाभ हासिल करते हैं।

हितों का टकराव कभी-कभी या स्थायी रुप से हो सकता है।

आपको निजी तौर पर उन अवसरों को अपने लिए नहीं लेना चाहिए जो उचित रुप से एप्टार के हैं या कॉर्पोरेट संपत्ति, जानकारी या पदवी के इस्तेमाल के ज़रिए पता चलते हैं; कॉर्पोरेट संपत्ति, जानकारी या पदवी का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए ना करें और ना ही एप्टार से मुकाबला करें। कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों का एप्टार के प्रति यह फर्ज बनता है कि वह इसके वैध कारोबारी हितों को आगे बढ़ाएं जब ऐसा करने का अवसर पैदा होता है।

## क्या कदम उठाएं?

आपका एक रिश्तेदार एक टैक्सी कंपनी का मालिक है और आप एप्टार को उसकी सेवाओं का सिफारिश करना चाहते हैं क्योंकि उसके ड्राइवर बहुत पेशेवर हैं।

**आपको अपने निजी और पेशेवर हितों को एकसाथ नहीं मिलाना चाहिए: आपका रिश्तेदार शायद बहुत अच्छी सेवा प्रदान करता है, लेकिन आप उसे नया कारोबारी अवसर पाने में उसके हित में काम करने की कोशिश कर रहे हैं, ना कि एप्टार के हित मे।**

हाल ही में एप्टार के एक प्रतियोगी ने आपके जीवन-साथी को काम पर रखा था, लेकिन आप दोनों गोपनीयता के मामलों में बहुत गंभीर है और उनके साथ कोई भी जानकारी साझा नहीं करेंगे। क्या यह हितों का टकराव है और क्या आपको इसका खुलासा करना चाहिए?

**हां, यह वाकई हितों का टकराव है और आपको HR और अनुपालन अधिकारी के पास इसका खुलासा करना चाहिए ताकि आपको गोपनीयता समस्याएं होने पर बचाया जा सके और विशिष्ट कदम उठाए जा सके जैसे कि आपको गोपनीयता स्क्रीन प्रदान की जाए, आपका होम-आफिस का दिन बदला जा सके अगर यह लागू होता है, आदि।**

## आपको हितों के टकराव का प्रबंधन कैसे करना चाहिए?

### टकराव को पहचानें

यह जानना ही सबसे मुश्किल है कि आप हितों के टकराव की स्थिति में हैं जब ऐसा होता है। अगर आपको संदेह है, तो कोई भी फैसला लेने से पहले खुद से निम्नलिखित सवाल पूछें:

**"मैं किस के हित में काम कर रहा/रही हूं"?**

*क्या आप अपने हित में काम कर रहे हैं? क्या आप अपने दोस्त के हित में काम कर रहे हैं या एप्टार के हित में?*

**"मुझे किस के हित में काम करना चाहिए?"**

*एप्टार के कर्मचारी या प्रतिनिधि के तौर पर, आपको कंपनी के सर्वोत्तम हित में काम करना चाहिए।*

### टकराव का खुलासा करें

अगर हितों का टकराव कभी-कभी होता है तो सीधा अपने मैनेजर या अनुपालन अधिकारी को इसका खुलासा करें या अगर यह स्थायी है, तो वार्षिक आचार-संहिता प्रमाणीकरण के माध्यम से खुलासा करें।

### शामिल होने से बचें

फैसला करने की प्रक्रिया में खुद को शामिल करने से पूरी तरह बचें और ऐसे व्यक्ति को फैसला लेने दें जो हितों के टकराव की स्थिति में नहीं है।

# गोपनीयता

**एप्टार की विशेषज्ञता और अन्य कोई भी गोपनीय जानकारी कंपनी की सबसे कीमती संपत्ति है जो हमारी कामयाबी के लिए ईंधन का काम करती है और इसकी हर समय रक्षा की जानी चाहिए।**

### गोपनीय जानकारी क्या है?

गोपनीय जानकारी में कोई भी जानकारी शामिल है जो सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है जो एप्टार की मौजूदा या अपेक्षित कारोबारी गतिविधियों में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, ऐसी जानकारी जो शायद प्रतियोगियों के फायदे की हो सकती है या अगर इसका खुलासा किया जाए, तो इससे कंपनी या इसके ग्राहकों को नुकसान हो सकता है। इसमें एप्टार के साथ काम करने वाली कंपनियों, जैसे कि ग्राहक और सप्लायर, के बारे महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी और हमारे ग्राहकों द्वारा सौंपी गई जानकारी भी शामिल हो सकती है।

### जोखिम क्या हैं?

- व्यापार का नुकसान
- टेक्नोलोजी की चोरी या नकली टेक्नोलोजी
- कानूनी उल्लंघन जैसे अविश्वास कानून के उल्लंघन
- व्यक्तिगत अनुशासनिक प्रतिबंध

### आपको यह अवश्य करना है

- एप्टार की गोपनीय जानकारी की हमेशा रक्षा करना
- उस जानकारी की गोपनीय प्रकृति को समझना जो आप अपने रोजाना के काम में हैंडल करते हैं
- उचित टूल्स का इस्तेमाल करना जैसे कि गोपनीयता स्क्रीन जब आप सफर करते हुए सार्वजनिक जगहों (एयरपोर्ट, हवाई जहाज़, ट्रेन) पर काम करते हैं या आफिस/घर के बाहर काम करने से परहेज़ करना

### आपको यह अवश्य नहीं करना है

- अपने दोस्तों, परिवार या अन्य गैर-कर्मचारियों के साथ कोई गोपनीय जानकारी साझा करना
- सार्वजनिक जगहों जैसे एलिवेटर, रेस्टोरेंट, हवाई जहाज़, आदि में गोपनीय जानकारी पर चर्चा करना
- एप्टार की जानकारी को भेजने या स्टोर करने के लिए कोई भी अस्वीकृत टेक्नोलोजी का इस्तेमाल करना जैसे कि निजी ईमेल पते या कोई अन्य असुरक्षित वेबसाइट।

## क्या कदम उठाएं?

आप एप्टार के एक भूतपूर्व सहकर्मी से मिलते हैं जिसके साथ आपकी अच्छी बनती थी और वह किसी ग्राहक के साथ काम करने के लिए कंपनी को छोड़कर चला गया/चली गई है। आप जिन नए प्रोजेक्टों पर काम कर रहे हैं, वह उनके बारे में जानने के लिए उत्सुक है। आप उसको कितना बता सकते हैं?

**आपको बाहर के किसी भी व्यक्ति को एप्टार की कोई भी जानकारी नहीं देनी चाहिए। चाहे आप उस भूतपूर्व सहकर्मी के दोस्त हैं, फिर भी आपको अपने मौजूद्रा प्रोजेक्टों के बारे में कोई भी जानकारी साझा करने से परहेज़ करना चाहिए क्योंकि इससे एप्टार के हितों को नुकसान हो सकता है।**

आप कुछ घंटों के लिए हवाई जहाज़/ट्रेन में हैं और आप एक नए उत्पाद के लांच से संबंधित एक ज़रूरी पावरपाइंट प्रेजेनटेशन बनानी है। क्या आपको उस सफर में काम करना चाहिए?

**चाहे कि आप व्यस्त हैं, फिर भी आपको कभी भी सफर करते वक्त सार्वजनिक जगहों पर काम नहीं करना चाहिए अगर आपके पास उस जानकारी की रक्षा करने के लिए गोपनीयता स्क्रीन नहीं है जिस पर आप काम कर रहे हैं। हो सकता है कि आपके पास बैठा व्यक्ति किसी प्रतियोगी/ग्राहक के लिए काम करता हो और आप शायद एप्टार की गोपनीय जानकारी को जोखिम में डाल दें।**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी सोशल मीडिया नीति देखें



## गोपनीयता जोखिम का एक उदाहरण: ईमेल सुरक्षा और फिशिंग पर फोकस

कंपनियां ज्यादा से ज्यादा साइबर अपराधियों का निशाना बनती हैं, चाहे उनका आकार जो भी हो। यह हमले आम तौर पर संवेदनशील जानकारी की चोरी के साथ खत्म होते हैं जिसकी वजह से व्यापार बहुत ही मुश्किल स्थिति में आ जाते हैं। कॉर्पोरेट कर्मचारियों से संवेदनशील जानकारी तक पहुंच प्राप्त करने, जैसे कि कंपनी के संसाधनों तक पहुंच हासिल करने लिए उनके क्रडेन्शल्ज़ पाने की सबसे प्रचलित और सफल तकनीक फिशिंग है।

### फिशिंग क्या होती है?

फिशिंग एक प्रकार का साइबर हमला है जो तब होता है जब साइबर अपराधी किसी शिकार व्यक्ति से कुछ करवाने के लिए सोशल इंजीनियरिंग का इस्तेमाल करता है। उनका लक्ष्य नुकसानदेह वेबसाइट फार्म के ज़रिए शिकार व्यक्ति से उसके क्रडेन्शल्ज़ हासिल करना हो सकता है या उससे वायर ट्रांसफर के ज़रिए पैसे भिजवाना हो सकता है (जैसे कि CEO धोखाधड़ी योजनाओं के मामले में)।

### जोखिम क्या हैं?

फिशिंग हमले तभी सफल होते हैं जब आप उनमें फंसते हैं। फिश में फंसने का नतीजा वायरस इन्फेकशन, रेन्ससमवेयर, पहचान की चोरी, डेटा की चोरी और बहुत कुछ हो सकता है। स्कैमर आपके संगठन पर हमला करने के लिए आपके डिवाइस भी इस्तेमाल करते हैं। चाहे कि फिशिंग स्कैमरों द्वारा इस्तेमाल की जानी वाली जानी-पहचानी तकनीक है, फिर भी लोग धोखे में आ जाते है क्योंकि फिशिंग रणनीतियां हमेशा बदलती रहती हैं। स्कैमर लगातार ट्रेंन्डो, मौजूदा घटनाओं और नई टेक्नोलोजी के साथ-साथ चलने के लिए अपनी फिशिंग ईमेल तकनीकों को लगातार सुधारते रहते हैं।

### क्या कदम उठाएं?

आधुनिक ईमेल क्लाइंट जैसे आउटलुक, जीमेल और एपपल मेल, उन ईमेलों को फिल्टर करने का बढ़िया काम करते हैं जिनमें नुकसानदेह कोड या अटैचमेंट होते हैं। आपके इनबॉक्स में एक फिशिंग ईमेल के आने का मतलब यह नहीं है कि आपके कंप्यूटर में कोई वायरस या मैलवेयर आ गया है। आपको कभी भी ईमेल में दिए लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए या अटैचमेंट नहीं खोलनी चाहिए जब तक आपको 100 प्रतिशत भरोसा नहीं है कि आप भेजने वाले को जानते हैं और उस पर विश्वास करते हैं। आपको ईमेल भेजने वाले को कभी भी जवाब नहीं भेजना चाहिए - यह बताने के लिए भी नहीं कि वह आगे से आपको ईमेल ना भेजे। अगर ऐसा लगता है कि वह संदिग्ध ईमेल ऐसे व्यक्ति से आई है जिसको आप जानते हैं या जिस कंपनी को आप इस्तेमाल करते हैं, यह देखने के लिए उनसे चेक करें कि वह मैसेज वैध है। ईमेल का जवाब ना दें। अगर ऐसा लगता है कि वह ईमेल किसी जानने वाले व्यक्ति से आई है, तो एक नया ईमेल मैसेज लिखें, टेक्स्ट करें या उस व्यक्ति को फोन करें और पूछें कि क्या उसने आपको ईमेल भेजी है। उस ईमेल को आगे किसी को ना भेजे, क्योंकि इससे संभावित फिशिंग हमला अधिक फैलता है। अगर कोई ईमेल उस कंपनी से आने का दावा करती है जिसको आप इस्तेमाल करते हैं, जैसे कि आपका बैंक, जिम, मेडिकल संस्था या ऑनलाइन रिटेलर, उनकी वेबसाइट पर जाएं और वहां से उनसे संपर्क करें। एक बार फिर, ईमेल में किसी भी लिंक पर क्लिक ना करें। आखिर में, आप माइक्रोसॉफ्ट में रिपोर्ट मैसेज बटन का इस्तेमाल करके या सीधे Service Now पर IS सपोर्ट सेंटर से संपर्क करके या इक्स्टेन्शन 2222 पर फोन करके संदिग्ध ईमेलों को रिपोर्ट कर सकते हैं। चाहे अनियमितता कितनी भी छोटी क्यों ना लगे, ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट करना महत्वपूर्ण है ताकि IS और साइबर सुरक्षा टीमें एप्टार को संभावित खतरे और इसके प्रभाव की जल्दी से जल्दी जांच कर सकें। अगर आपको पता नहीं है कि किससे संपर्क करना है, तो बिना संकोच अनुपालन अधिकारी को मामले की रिपोर्ट करें जो इसे साइबर सुरक्षा टीमों को भेजेगा।

ऊपर बताई बातों के बावजूद, इस आचार-संहिता में ऐसी कोई बात नहीं है जो किसी कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक को सीधे यूएस प्रतिभूति और विनिमय आयोग (“SEC”) के साथ संघीय प्रतिभूति के कानून के किसी भी संभावित उल्लंघन के बारे में संचार करने से या ऐसे खुलासा करने से रोकती है जिसको अनुमति मिली है या जो कानूनी तौर पर करना अनिवार्य है, जिसमें यूएस संघीय कानून या अधिनियम के व्हिसलब्लोअर प्रावधान के तहत ऐसा खुलासासुरक्षित है। कर्मचारियों, अधिकारियों या निदेशकों को सीधे SEC [या अन्य सरकारी प्राधिकरण, अगर ऐसा संचार कानूनी तौर पर अनिवार्य है] के साथ संचार करने के लिए पहले से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा, इस आचार-संहिता में ऐसी कोई बात नहीं है जो किसी कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक को ऐसी जानकारी का खुलासा करने से रोकती है जिसके बारे में उस व्यक्ति को वाजिब तौर पर यकीन है कि वह संघीय सरकार के कान्ट्रेक्ट की गंभीर अव्यवस्था का, संघीय फंड की गंभीर बर्बादी का, संघीय सरकार के कान्ट्रेक्ट से संबंधित अधिकार के दुरुपयोग का, जनता के स्वास्थ्य या सुरक्षा को बड़े और विशिष्ट खतरे का, या संघीय सरकार के सरकारी अधिकारी को या एप्टार में ऐसे किसी व्यक्ति के साथ कान्ट्रेक्ट से संबंधित कानून, नियम या अधिनियम के उल्लंघन का सबूत है जो संभावित दुराचार की जांच के लिए जिम्मेदार है। एप्टार ऐसे किसी व्यक्ति को खुलासा करने की वजह से नौकरी से निकालने, उसका पद घटाने या उसके साथ किसी और तरीके से पक्षपात करने से रोक लगाता है।

# डेटा गुप्तता

**एट्रार के लिए अपने ग्राहकों, सप्लायरों और दूसरे सेवा प्रदाताओं, और साथ ही साथ अपने कर्मचारियों और ठेकेदारों के निजी डेटा की गुप्तता और सुरक्षा बहुत अहम है। हम जहां भी संचालन करते है, वहां पर यूरोपियन जनरल डेटा सुरक्षा अधिनियम (GDPR) का अनुपालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।**

## डेटा गुप्तता क्या है?

डेटा गुप्तता में निजी डेटा की प्रोसेसिंग पर लागू सभी नियम और अधिनियम शामिल हैं, साथ ही इसमें व्यक्तियों के निजी और पारिवारिक जीवन, घर और संचार से संबंधित अधिकार और संचार भी शामिल हैं।

## निजी डेटा क्या होता है?

निजी डेटा का मतलब है किसी व्यक्ति से संबंधित कोई भी जानकारी, चाहे यह प्रत्यक्ष रुप से पहचानने योग्य है (जैसे नाम, ईमेल पता) या अप्रत्यक्ष रुप से पहचानने योग्य है (जैसे कि सोशल सिक्योरिटी नंबर, लोकेशन डेटा, IP पता)।

संवेदनशील डेटा निजी डेटा होता है जो बहुत सख्त नियमों के अधीन होता है और इसे अनुपालन अधिकारी से पूछे बिना इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए, जैसे कि किसी व्यक्ति का सोशल सिक्योरिटी नंबर, संचार की सामग्री, बैंकिंग के विवरण, जातीय या नस्ली मूल प्रगट करने वाला डेटा, राजनीतिक विचार, धार्मिक या दार्शनिक विश्वास, ट्रेड यूनियन की मेंबरशिप, जेनेटिक डेटा, बायोमैट्रिक डेटा, स्वास्थ्य डेटा या व्यक्ति के यौन अभिविन्यास से संबंधित डेटा।

## जोखिम क्या हैं?

- प्रशासनिक प्रतिबंध के जोखिम, जिसमें डेटा सुरक्षा अधिकारियों से भारी जुर्माने और सार्वजनिक चेतावनियां शामिल हैं
- सिविल और आपराधिक जवाबदेही के जोखिम
- प्रतिष्ठा को जोखिम
- अनुशासनिक कार्रवाइयां जो कर्मचारियों के खिलाफ की जा सकती हैं

### आपको यह अवश्य करना है

- ServiceNow में एक विशिष्ट टिकट खोलना अगर नया प्रोजेक्ट है जिसमें निजी डेटा की प्रोसेसिंग शामिल है
- निजी डेटा से संबंधित किसी घटना के मामले में, जैसे कि किसी डेटा तक अनधिकृत पहुंच या डेटा का नुकसान, या फिर किसी व्यक्ति द्वारा अपने निजी डेटा से संबंधित शिकायत करने पर अनुपालन विभाग से संपर्क करना
- उन सभी फाइलों की रक्षा करना जिनमें पासवर्ड के साथ निजी डेटा है और/या निजी डेटा भेजते समय ईमेल को इन्क्रिप्ट करना

### आपको यह अवश्य नहीं करना है

- एट्रार के किसी भी डेटाबेस (जिसमें यह शामिल है लेकिन इस तक सीमित नहीं है, एचआर फाइलें, सीआरएम डेटाबेस या कोई भी आंतरिक डायरेक्टरी) पर उपलब्ध निजी डेटा का इस्तेमाल करना, पहले से यह चेक किए बिना कि ऐसे इस्तेमाल की अनुमति है या नहीं
- किसी भी निजी डेटा को जिस तक आपकी एट्रार में अपनी रोजाना गतिविधियों के दौरान पहुंच है, अपने निजी मैसेजिंग सिस्टम या अपने निजी लैपटॉप पर स्टोर करना या किसी भी अनधिकृत तीसरे पक्ष के साथ साझा करना

## क्या कदम उठाएं?

आपका एक करीबी रिश्तेदार आपके एट्रार आफिस के पास नया रेस्टोरेंट खोलता है। उसका बिज़निस शुरू करने में मदद करने के लिए, आप उसे अपने सहकर्मियों के ईमेलों के पते भेजने का फैसला करते हैं ताकि वह रेस्टोरेंट का प्रचार कर सके। क्या ऐसा करने की अनुमति है?

**ईमेल पता निजी डेटा है और पहले से अनुमति या सहमति लिए बिना इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।**

नए संभावित ग्राहकों से संपर्क करने के लिए, आप एट्रार के किसी उत्पाद के बारे में ईमेल के ज़रिए प्रचार अभियान चलाना चाहते हैं। क्या ऐसा करने की अनुमति है?

**हां, आपको खास शर्तों के अधीन ईमेल के ज़रिए प्रचार अभियान चलाने की अनुमति है और यह कुछ पूर्व प्रमाणीकरण के अधीन है, जैसे कि यह सुनिश्चित करना कि आपने लक्षित लोगों के ईमेल पते कानूनी रुप से हासिल किए हैं।**



# मानवाधिकार और स्थिरता

## पर्यावरण स्थिरता

यह एप्टार की नीति है कि वह सारे लागू पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों और अधिनियमों का पालन करते हुए संचालन करता है।

हम अपने उत्पादों की उच्च गुणवत्ता को बनाए रखते हुए पर्यावरण पर अपने प्रभाव को कम करने और अधिक परिपत्र अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए प्लास्टिक के उत्पादन, इस्तेमाल और दोबारा इस्तेमाल के तरीके को बदलने के लिए एक मजबूत वचनबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

अधकि जानकारी के लएि, कृपया हमारी वार्षकि स्थरिता रपिोर्ट देखें

## मानवाधिकार

एप्टार दुनिया में हर जगह मानवाधिकारों का सम्मान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है।

हमने 2020 में संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, काम पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की घोषणा, पर्यावरण और विकास पर रियो घोषणा, और भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन से प्राप्त व्यापक सामाजिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार कारोबारी अभ्यासों और सिद्धांतों और रणनीतिक कार्यों की दिशा में आगे की ओर एक कदम है।

## आधुनिक गुलामी, मानव तस्करी और बाल श्रम को रोकना

आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी ऐसे अपराध हैं जो बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हैं। चाहे कि अधिक लोग सोचते हैं कि किसी व्यक्ति से उसकी इच्छा के खिलाफ गुलामी करवाने के लिए बल, धोखाधड़ी या दबाव का इस्तेमाल किया जाता है या गंभीर नुकसान की धमकियों के द्वारा किसी व्यक्ति से मजदूरी करवाई जाती है, लेकिन मानव तस्करी निषेधों में ऐसे व्यवहार शामिल हैं जो एक व्यक्ति का शोषण करते हैं या किसी व्यक्ति की आज़ादी छीन लेते हैं, जिसमें शामिल हैं:

- यौन तस्करी करना या व्यावसायिक यौन कामों को खरीदना (चाहे कि यह काम किसी अधिकार क्षेत्र में कानूनी हो)
- किसी कर्मचारी की पहचान या इमिग्रेशन दस्तावेज़ों को तबाह करना या दूसरे तरीके से इन तक पहुंच को इनकार करना
- बहकाने वाले अभ्यासों या चालबाजी का इस्तेमाल करके कर्मचारियों को भर्ती करना जैसे कि रोजगार के नियमों और शर्तों का खुलासा ना करना
- ऐसे भर्ती करने वाले व्यक्तियों का इस्तेमाल करना जो श्रम कानूनों का पालन नहीं करते हैं
- कर्मचारियों की भर्ती के लिए फीस वसूल करना
- कुछ कर्मचारियों को वापसी परिवहन प्रदान करने में विफलता जिनको यूएस सरकार के कान्ट्रेक्ट पर काम करने के उद्देश्य से किसी देश में लाया जाता है
- ऐसा आवास प्रदान करना जो मेजबान देश के मानकों को पूरा करने में विफल होता है
- रोजगार कान्ट्रेक्ट या काम के दस्तावेज़ प्रदान करने में विफल रहना जहां कानून द्वारा आवश्यक होता है

इन अपराधों और गतिविधियों में से किसी को भी हमारी कंपनी द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाता है और हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे सप्लायर इस व्यवहार को रोकें।

एप्टार कर्मचारियों को भर्ती करने के लिए बहकाने वाले अभ्यासों या चालबाजी का इस्तेमाल करने से और भर्ती करने की फीस लेने से रोकता है, और एप्टार रोजगार के सारे मुख्य नियमों और शर्तों के साफ और पूरे संचार की मांग करता है। इस संदर्भ में, भर्ती की फीस में वीजा या पहचान दस्तावेज़ प्राप्त करने, दूसरे देश को जाने के लिए परिवहन, श्रम प्रमाण-पत्र, डाक्टरी जांचें या पृष्ठभूमि की जांच और भर्ती करने वालों द्वारा ली गई फीसें शामिल हैं। एप्टार या इसके एजेंटों को कर्मियों की भर्ती के लिए फीसें लेने की अनुमति नहीं है, चाहे कर्मियों द्वारा सीधे भुगतान के द्वारा या मजदूरी में सीधी कटौती के द्वारा। एप्टार सिर्फ उन्हीं भर्ती करने वाली एजेंसियों का इस्तेमाल करता है जो इन समान सिद्धांतों और स्थानीय श्रम कानूनों का पालन करेंगी।

एप्टार इस मामले में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठनों के मानकों का पालन करता है (समझौता N° 138)। हम यह सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध हैं कि हमारी कंपनी में बाल श्रम नहीं हो रहा है, क्योंकि बाल श्रम बच्चों से उनका बचपन, उनका सामर्थ्य और उनका आत्म-सम्मान छीन लेता है और यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक हो सकता है।.

एप्टार इन निषेधों को गंभीरता से लेता है और इन नियमों का उल्लंघन होने पर भारी दंड दे सकता है, जिसकी वजह से कर्मचारियों, उपठेकेदारों या एजेंटों को निकाला जा सकता है। जिन कर्मचारियों को ऐसे उल्लंघन की जानकारी है, उनको फौरन इनकी रिपोर्ट देनी चाहिए। एप्टार इन नियमों के उल्लंघन के संबंध में कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों को सहयोग देने के लिए वचनबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया चिरस्थायी खरीदारी चार्टर देखें

एप्टार ने यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रक्रियाएं स्थापित की हैं कि व्यापार ईमानदारी से किया जाता है और हम अपने सारे कारोबारी भागीदारों से समान मानकों की अपेक्षा करते हैं।

एप्टार के आवेदन पर सप्लाई भागीदारों को इस नीति का अनुपालन प्रदर्शित करना होगा। अगर हमें पता चलता है कि कोई सप्लायर इन मानकों का उल्लंघन करता है, तो हम ऐसे सप्लायर के साथ संबंध खत्म करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

## लड़ाई खनिज पदार्थ

एप्टार यूएस डोड-फ्रेंक वॉल स्ट्रीट सुधार और उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम और लड़ाई मुक्त स्मेल्टर प्रोग्राम का इस इरादे के साथ अनुपालन करता है ताकि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो और उसके आस-पास के देशों में हथियारबंद समूहों की फंडिंग, मानवाधिकारों के दुरुपयोग और पर्यावरण की बर्बादी सीमित हो।

इस इरादे के मुताबिक, एप्टार लड़ाई खनिज पदार्थों के इस्तेमाल के बारे में पूछताछ और खुलासा आवश्यकताओं में सहयोग देता है। इन खनिज पदार्थों में टिन, टैंटलम, सोना और टंगस्टन शामिल हैं।

एप्टार अपने सारे सप्लायरों से अपेक्षा करता है कि वह लड़ाई खनिज पदार्थ अधिनियम आवश्यकताओं का पालन करें और EICC/GeSI लड़ाई खनिज पदार्थों के रिपोर्टिंग टेमप्लेट को इस्तेमाल करके सारी आवश्यक घोषणाएं प्रदान करें।

अगर कोई सप्लायर इन उद्देश्यों का अनुपालन नहीं करता है, तो उस सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वह समय पर इस तरह के गैर-अनुपालन को ठीक करने के लिए योजनाओं को विकसित करे, लागू करे और दस्तावेज़ करे; अगर गैर-अनुपालन का समाधान नहीं किया जा सकता है, तो एप्टार ऐसे सप्लायर के साथ संबंध खत्म करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

# आर्थिक प्रतिबंध

**एक यूएस और अंतरराष्ट्रीय कंपनी के तौर पर, एप्टार ने उन सारे तीसरे पक्षों, जिनके साथ वह काम करता है, के सारे रिकार्ड की जांच करने के लिए विशिष्ट प्रक्रियाएं समाहित की हैं जिनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वे प्रतिबंधों के अधीन ना हों। यह हरेक कर्मचारी की जिम्मेदारी भी है कि वह प्रबंधन या अनुपालन अधिकारी को जोखिम भरी स्थितियों की रिपोर्ट करे।**

## आर्थिक प्रतिबंध क्या होते हैं?

आर्थिक प्रतिबंधों को विदेश और सुरक्षा नीति के उद्देश्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय संबंधों के प्रत्याहार के रुप में परिभाषित किया गया है। देशों की सरकारें और बहुराष्ट्रीय संस्थाएं उन देशों और व्यक्तियों के फैसलों को प्रभावित करने के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाती हैं जो उनके हितों के लिए खतरा पैदा करते हैं या व्यवहार के अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन करते हैं।

आर्थिक प्रतिबंध मुख्य रुप से संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त राज्य अमरीका, यूरोपियन यूनियन और कुछ खास देशों द्वारा जारी किए जाते हैं।

प्रतिबंध पूरे देश को या फिर सूचीबद्ध व्यक्तियों या कंपनियों को निशाना बना सकते हैं और व्यक्तियों के लिए बाधा डाल सकते हैं (SDN-विशिष्ट नामित राष्ट्र और बाधित व्यक्ति)।

यूएस द्वारा बड़े प्रतिबंधों के अधीन देश: **क्यूबा, ईरान, उत्तर कोरिया, सीरिया और यूक्रेन का क्रीमिया क्षेत्र।**

आर्थिक प्रतिबंधों का व्यापार पर विभिन्न तरीकों से प्रभाव पड़ता है:

- SDN के साथ व्यापार और वित्तीय लेन-देन करने पर रोक, लेकिन SDN द्वारा स्वामित्व या नियंत्रित संस्थानों के साथ भी।
- प्रतिबंधित देशों को कुछ खास उत्पादों, सेवाओं या टेक्नोलोजी के निर्यात पर रोक
- कुछ खास उत्पादों, सेवाओं या टेक्नोलोजी के लिए निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता
- कुछ खास सेक्टरों में निवेश करने पर रोक




### जोखिम क्या हैं?

- कानूनी और आपराधिक जवाबदेही के जोखिम
- वित्तीय जोखिम: भारी जुर्माने कई बार यह करोड़ों डॉलरों के होते हैं
- प्रतिष्ठा को जोखिम

### आपको यह अवश्य करना है

- जब आपको प्रतिबंधित देश या SDN के बारे में कोई संदेह है, तो अनुपालन अधिकारी से संपर्क करें
- क्यूबा, ईरान, सीरिया या किसी अन्य प्रतिबंधित देश के साथ नए व्यापार के अवसरों के मामले में अनुपालन अधिकारी से संपर्क करना
- अनुपालन अधिकारी या कानूनी विभाग से पूछना कि वह आपकी समझौतों में अनुपालन उपनियमों को शामिल करने में मदद करें

### आपको यह अवश्य नहीं करना है

- क्यूबा, ईरान, सीरिया, उत्तर कोरिया, और यूक्रेन के क्रीमिया क्षेत्र [या किसी अन्य प्रतिबंधित देश या SDN] में ग्राहकों या सप्लायरों के साथ कारोबारी संबंध बनाना
- उस ग्राहक को एप्टार के उत्पाद बेचना जिसका स्पष्ट इरादा हमारे उत्पादों को आगे प्रतिबंधित देशों [या SDN] को बेचना है

## क्या कदम उठाएं?

आपको हमारे किसी एक ग्राहक ने सूचित किया है कि उसका क्यूबा में कुछ मुकम्मल उत्पाद बेचने का इरादा है जिनमें एप्टार के कुछ डिस्पेन्सिंग सिस्टम भी शामिल हैं। आपको क्या करना चाहिए?

**आप इस मुद्दे को अनुपालन अधिकारी के पास रिपोर्ट करते हैं क्योंकि ग्राहक का मुकम्मल उत्पाद प्रतिबंधित देश में पहुंच जाएगा, जिसका नतीजा एक प्रतिबंधित देश को अप्रत्यक्ष बिक्री होगा।**

Yआपको एक उम्मीदवार से एक आवेदन-पत्र मिलता है जो प्रतिबंधित देश में रहता है। आपको क्या करना चाहिए?

**आपको HR और अनुपालन अधिकारी से सलाह लेनी चाहिए क्योंकि इस मामले में कुछ विशिष्ट नियम हैं।**

# अविश्वास

**एट्टार विश्व स्तर पर अपने व्यापार पर लागू होने वाले सभी कानूनों की शाब्दिक और मूल भावना के पूर्ण अनुपालन के लिए वचनबद्ध है, विशेष रूप से अविश्वास कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए। अविश्वास कानून अलग-अलग देशों में भिन्न हो सकते हैं — इन दो मामलों में कि कौन सी व्यापारिक गतिविधियों पर रोक है और कानून कैसे लागू किए जाते हैं।**

## अविश्वास कानून क्या होते हैं?

उच्चतम स्तर पर, अविश्वास कानूनों का लक्ष्य एक प्रतिस्पर्धी बाजार को बढ़ावा देना है, जिसमें कुशल और नवप्रवर्तनशील फर्में फलती-फूलती हैं। अविश्वास कानून आम तौर पर प्रतियोगियों के बीच मिलीभगत को, चाहे यह औपचारिक हो या अनौपचारिक, और बाजार अभ्यासों को प्रतिबंधित करते हैं जो दूसरों की प्रतिस्पर्धा करने के लिए क्षमता को कम करते हैं।

## एट्टार पर लागू विभिन्न अविश्वास कानूनों के तहत वर्जित समझौतों के कुछ उदाहरण क्या हैं?

वर्जित समझौतों के कुछ उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं:

- **मूल्य निर्धारण** (उदाहरण के लिए, किसी उत्पाद या सेवा की कीमत पर प्रतियोगियों के बीच एक समझौता, बजाय इसके कि इसे स्वाभाविक रूप से मुक्त-बाजार बलों के माध्यम से निर्धारित करने की अनुमति दी जाए)
- **आउटपुट सीमा** (उदाहरण के लिए, आउटपुट को सीमित करने को समन्वित करने के लिए प्रतियोगियों के बीच समझौता अवैध है क्योंकि यह कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कमी भी पैदा करता है)
- **बाजार आवंटन** (उदाहरण के लिए, बाजार के कुछ हिस्सों को आवंटित करने के लिए प्रतियोगियों के बीच समझौता और कुछ खास ग्राहकों के लिए या कुछ भौगोलिक क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा ना करने के लिए समझौता)
- **बोली में हेराफेरी** (उदाहरण के लिए, कुछ या सभी बोली लगाने वालों के बीच समझौता जो पहले से निर्धारित करता है कि बोली कौन जीतेगा और षड्यंत्रकारी बोली लगाने वालों के बीच प्रतिस्पर्धा को सीमित या खत्म करता है)

## एट्टार पर लागू विभिन्न अविश्वास कानूनों के तहत विनियमित समझौतों के कुछ उदाहरण क्या हैं?

- **सप्लाई की विशिष्टता:** किसी भी विशिष्टता (जैसे, समय, भौगोलिक क्षेत्र, बाजार खंड, आदि) के दायरे को सीमित करना और विशिष्टता देने या अनुरोध करने के लिए एक मजबूत आर्थिक औचित्य होना महत्वपूर्ण है
- **वितरण:** अनुशंसित पुनर्विक्रय मूल्यों (सिर्फ मार्गदर्शन के लिए) और अधिकतम पुनर्विक्रय मूल्यों (सिर्फ बिक्री की वृद्धि को सुविधाजनक बनाने के लिए) का होना ठीक है, लेकिन न्यूनतम पुनर्विक्रय मूल्य वर्जित हैं।

### जोखिम क्या हैं?

अविश्वास के उल्लंघन के गंभीर नतीजे निकल सकते हैं, जिसमें शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं है, भारी जुर्माने, संभावित जेल की सजा, और सिविल मुकदमों और कानूनी कार्यवाही से नुकसान के भारी मुआवजे जो एट्टार के व्यापार पर बड़े खर्च का बोझ और व्यापार में खलल डाल सकते हैं।

### क्या कदम उठाएं?

अविश्वास के उल्लंघन के गंभीर नतीजों को देखते हुए, आपको एट्टार के अनुपालन अधिकारी या कानूनी विभाग के साथ किसी भी देश में प्रतिस्पर्धा या व्यापार को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर चर्चा करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी गतिविधियां अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय अविश्वास कानूनों के अनुपालन में आयोजित की जाती हैं।



# कर और रिपोर्ट करना

**एप्टार जहां कहीं भी व्यापार करता है, वहां यह ईमानदारी से कर संबंधी सभी कानूनों का पालन करने का प्रयास करता है और उन कानूनों द्वारा आवश्यक सभी संघीय, राज्य, स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय करों का पूरा भुगतान करता है।**

## सार्वजनिक कंपनी द्वारा रिपोर्ट करना

संयुक्त राज्य अमरीका में एक सार्वजनिक कंपनी के रूप में अपनी स्थिति के परिणामस्वरूप एप्टार के लिए प्रतिभूति और विनिमय आयोग के पास आवधिक और अन्य रिपोर्टें दर्ज करना आवश्यक है। एप्टार यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी सार्वजनिक प्रकटीकरण जिम्मेदारी को गंभीरता से लेता है कि ये रिपोर्टें बाजार को कंपनी की वित्तीय और कारोबारी स्थिति के बारे में पूरा, निष्पक्ष, सटीक, समय पर और समझने योग्य प्रकटीकरण प्रस्तुत करती हैं।

### हम यह करेंगे

- सटीक और विस्तारयुक्त बुक्स और रिकॉर्ड रखना
- समय पर अपने कर फॉर्म फाइल करना
- समय पर अपने कर दायित्वों का भुगतान करना

### हम यह नहीं करेंगे

- एप्टार को अपने कर दायित्वों से बचने की जानबूझकर अनुमति देना

### आपको यह अवश्य करना है

- अगर आप अनुचित व्यवहार (कर चोरी, अकाउंटिंग/ऑडिटिंग में धोखाधड़ी) की पहचान करते हैं, तो कर विभाग या अनुपालन अधिकारी से संपर्क करना
- अगर आपको यकीन है कि आप जिस लेनदेन या प्रोजेक्ट में शामिल हैं, उसके प्रतिकूल और/या अप्रत्याशित कर परिणाम हो सकते हैं, तो कर विभाग से संपर्क करना

### आपको यह अवश्य नहीं करना है

- धोखाधड़ी वाले कर अभ्यासों को प्रोत्साहित करना
- जानबूझकर उन अभ्यासों की अनुमति देना जो कर चोरी का कारण बनते हैं

### जोखिम क्या हैं?

- वित्तीय जोखिम जैसे अतिरिक्त कर व्यय, ब्याज, जुर्माना, दंड
- प्रतिष्ठा को जोखिम



# इनसाइडर ट्रेडिंग

**एप्टार एक यूएस सार्वजनिक कंपनी है जिसके सामान्य स्टॉक का न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सक्रिय रूप से ट्रेड किया जाता है। सामान्य तौर पर, एप्टार के कर्मचारी और निदेशक जिन्हें एप्टार के बारे में "महत्वपूर्ण" और "गैर-सार्वजनिक" जानकारी (सामूहिक रूप से, "महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी") का ज्ञान है, उन्हें एप्टार के स्टॉक या अन्य प्रतिभूतियों में खरीदने, बेचने या दूसरे तरीके से ट्रेड करने से प्रतिबंधित किया जाता है, जब तक उनके पास ऐसी महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी है।**

## इनसाइडर ट्रेडिंग क्या होती है?

अमरीकी संघीय प्रतिभूति कानून, नियम और केस कानून आम तौर पर यूएस सार्वजनिक कंपनी के किसी भी कर्मचारी या निदेशक को ऐसी कंपनी के स्टॉक और अन्य प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने से रोकते हैं, जब तक उनके पास महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी है।

इस तरह का सामान्य प्रतिबंध यूएस सार्वजनिक कंपनी के कर्मचारियों और निदेशकों को निम्नलिखित से भी रोकता है: (1) महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी पर "टिप्स" देना (यानी, किसी अन्य व्यक्ति को, जिसमें परिवार के सदस्य, अन्य रिश्तेदार और दोस्त शामिल हैं, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसी महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का खुलासा करना, ताकि वे कंपनी के स्टॉक या अन्य प्रतिभूतियों में ट्रेड कर सकें); और (2) किसी अन्य संस्था की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग, जब तक उनके पास कंपनी के साथ उनकी सेवा के माध्यम से ऐसी संस्था के बारे में हासिल हुई महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी है।

## महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी क्या होती है?

महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी में कोई भी सकारात्मक या नकारात्मक जानकारी शामिल होती है, जिसे अभी तक जनता के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया है या इसका खुलासा नहीं किया गया है और यह एक निवेशक के लिए, पूरी जानकारी के कुल मिश्रण के हिस्से के रूप में, यह तय करने में महत्वपूर्ण हो सकती है कि स्टॉक या अन्य प्रतिभूतियों को खरीदना या बेचना है या नहीं।

**महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के कुछ उदाहरणों में शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं:**

- आमदनी के अनुमान
- भारी घाटा या आरक्षित निधि में बड़ी वृद्धि
- प्रबंधन में बड़े बदलाव
- प्रस्ताव, योजनाएं, बातचीत या समझौते, भले ही प्रकृति में प्रारंभिक हों, जिसमें महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट लेन-देन शामिल हों, जैसे विलय, टेंडर प्रस्ताव, संयुक्त उद्यम, या बहुत मात्रा में संपत्ति की खरीद या बिक्री
- महत्वपूर्ण मुकदमेबाजी या सरकारी एजेंसी द्वारा जांचें
- साइबर सुरक्षा में बड़ी अतिक्रमण की घटनाएं

## जोखिम क्या हैं?

इनसाइडर ट्रेडिंग दोनों अनैतिक और अवैध है। सिविल परिणामों के अलावा, जैसे कि उल्लंघन के परिणामस्वरूप प्राप्त लाभ या हानि से बचने के तीन गुना तक की राशि में विघटन और सिविल जुर्माना, यूएस में इनसाइडर ट्रेडिंग के दोषी व्यक्तियों को 5 मिलियन अमरीकी डॉलर तक आपराधिक दंड और 20 साल तक जेल की सजा भी हो सकती है। अन्य देश उन व्यक्तियों के लिए समान परिणाम और जुर्माने लगाते हैं जो इनसाइडर ट्रेडिंग में लगे हुए पाए जाते हैं।

### आपको यह अवश्य करना है

अगर आप नीचे दी गई श्रेणियों में से किसी एक का हिस्सा हैं, तो एप्टार के स्टॉक में लेन-देन करने से पहले सिडनी व्हाइट, इक्विटी प्लान एडमिनिस्ट्रेटर, या किम्बर्ली वाई. चेनी, EVP, मुख्य कानूनी अधिकारी और कॉर्पोरेट सचिव, या उनकी अनुपस्थिति में, मैरी स्केफिदास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इन्वेस्टर रीलेशन्ज एंड कम्यूनिकेशन्ज़ से अनुमति लें।

- निदेशक मंडल के सदस्य
- AptarGroup के "कार्यकारी अधिकारी" या उनके सहायक
- किसी एक सेगमेंट के GLT के सदस्य
- उत्कृष्टता लीडर
- Eकॉर्पोरेट दफ्तरों में कर्मचारी

### आपको यह अवश्य नहीं करना है

- महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी होते हुए एप्टार की प्रतिभूतियों में लेन-देन करना
- किसी अन्य व्यक्ति को महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी पर "टिप्स" देना ताकि वे एप्टार की प्रतिभूतियों में लेन-देन कर सकें
- किसी अन्य संस्था की प्रतिभूतियों में लेन-देन करना जब आपके पास एप्टार के साथ आपकी सेवा के माध्यम से ऐसी अन्य संस्था के बारे में हासिल हुई महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी है

## क्या कदम उठाएं?

आपके पास एप्टार की समेकित तिमाही आमदनी की जानकारी है, इससे पहले कि इसे सार्वजनिक किया जाए, और आप जानते हैं कि एप्टार तिमाही अवधि में उम्मीद से कम सफलता प्राप्त करने जा रहा है। आप इससे पहले एप्टार के स्टॉक में ट्रेड करना चाहते हैं - अपने मन में – जिनकी कीमत नवीनतम तिमाही आमदनी सार्वजनिक होने के बाद कम होगी। आपको क्या करना चाहिए?

**आपको ऐसी महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर एप्टार के स्टॉक में ट्रेडिंग करने से बचना चाहिए। एक बार जब एप्टार की आमदनी सार्वजनिक हो जाती है और पूर्व-मंजूरी की किसी भी प्रक्रिया के अधीन हो जाती है जो आपके पर लागू होती है, तो आप एप्टार के स्टॉक में ट्रेड कर सकते हैं।**

आप जानते हैं कि एप्टार एक अत्यधिक गोपनीय अधिग्रहण को मुकम्मल करने वाला है। यह अधिग्रहण एप्टार के इतिहास में सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक है। आपको विश्वास है कि यह अधिग्रहण एप्टार को बड़ा मूल्य प्रदान करेगा। डिनर पर जब एक अच्छा दोस्त पूछता है कि एप्टार कैसा कर रहा है और क्या उसे एप्टार का स्टॉक खरीदना चाहिए, तो आप उसे अधिग्रहण के बारे में सूचित करना चाहते हैं क्योंकि आप इसके बारे में बहुत उत्साहित हैं और इस बारे में डींग मारना चाहते हैं कि एप्टार कितना अच्छा कर रहा है। आपको क्या करना चाहिए?

**यह तथ्य कि एप्टार अपने इतिहास में सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक को मुकम्मल करने वाला है, महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी है। इसलिए आपको अपने दोस्त को अधिग्रहण के बारे में तब तक बताने से बचना चाहिए जब तक एप्टार द्वारा सार्वजनिक रूप से इसका खुलासा नहीं किया जाता है। याद रखें, इनसाइडर ट्रेडिंग भी एप्टार के कर्मचारियों और निदेशकों को किसी अन्य व्यक्ति को महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी पर "टिप्स" देने से मना करती है ताकि वे कंपनी के स्टॉक में ट्रेड कर सकें।**

# चिंता को कैसे रिपोर्ट करें

**एप्टार कर्मचारियों को पेशेवर चेतावनी सिस्टम के माध्यम से किसी भी संभावित अवैध और अनैतिक व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करता है।**

## EthicsPoint क्या है?

EthicsPoint एप्टार का पेशेवर चेतावनी सिस्टम है जो कर्मचारियों को, जिनमें अस्थायी कर्मी और प्रशिक्षु, ठेकेदार और साथ-साथ तीसरे पक्ष शामिल हैं, काम की जगह पर संभावित या कथित गंभीर दुराचार की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है।

## EthicsPoint पर कैसे पहुंचे?

- **इंटरनेट**
  बस http://aptar.ethicspoint.com पर जाएं और अपनी रिपोर्ट की प्रकृति से संबंधित जानकारी क्षेत्र भरें।
- **फोन**
  टोल-फ्री हॉटलाइन नंबर डायल करें (आपकी साइट पर पोस्टरों पर और साथ-साथ ऊपर सूचीबद्ध इंटरनेट साइट पर दिखाया गया है) या QR कोड को स्कैन करें (इस पृष्ठ के शीर्ष पर और आपकी साइट पर पोस्टरों पर भी मौजूद) और अपने सवालों या रिपोर्ट की प्रकृति के बारे में सवालों के जवाब दें।

## कौन सी समस्याओं की रिपोर्ट की जा सकती है?

रिपोर्ट गंभीर उल्लंघनों से संबंधित हो सकती है, जैसे संघीय, राज्य, स्थानीय या अंतरराष्ट्रीय कानून या विनियमन के तहत अपराध या जुर्म, और कर्तव्य का कोई उल्लंघन, आचार संहिता की नीतियों और प्रक्रियाओं की उल्लंघन या कोई भी अनैतिक व्यवहार।

## क्या रिपोर्टिंग गोपनीय है और क्या यह बेनाम की जा सकती है?

रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति की पहचान को प्रक्रिया के सभी चरणों में गोपनीय रखा जाएगा और तीसरे पक्ष जैसे कि दोषी ठहराए गए व्यक्ति और रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के सुपरवाइज़र को इसका खुलासा नहीं किया जाएगा, अगर रिपोर्ट करने वाला व्यक्ति ऐसा चाहता है, जब तक कि ऐसे व्यक्ति की पहचान का खुलासा करना कानूनी रूप से आवश्यक ना हो। लेकिन यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि बेनाम रिपोर्टिंग की वजह से कंपनी के लिए इस मामले की जांच करना ज्यादा कठिन हो जाएगा।

### आपको यह अवश्य करना है

- जब आपको यकीन हैं कि उल्लंघन गंभीर और वास्तविक है, तो पूरे विश्वास के साथ पेशेवर चेतावनी सिस्टम का इस्तेमाल करना
- रिपोर्ट का समर्थन करने के लिए, जब संभव हो, दस्तावेजों के साथ सारी उपयुक्त जानकारी प्रदान करना

### आपको यह अवश्य नहीं करना है

- किसी सहकर्मी को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने के लिए बुरे इरादे के साथ या अफवाह के आधार पर रिपोर्ट सबमिट करना
- EthicsPoint के माध्यम से किसी मामले की सूचना देने वाले किसी भी सहकर्मी से बदला लेना
- EthicsPoint को इमरजेंसी नंबर के तौर पर इस्तेमाल करना

## चिंता की रिपोर्ट करने के बारे में नियम:

- एप्टार किसी भी व्यक्ति से किसी भी तरह के बदले को बर्दाश्त नहीं करेगा जो पूरे विश्वास के साथ रिपोर्ट करता है
- EthicsPoint का इस्तेमाल स्वैच्छिक है। रिपोर्ट बनाने में विफलता के परिणामस्वरूप कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा
- किसी भी कर्मचारी को इस आचार संहिता के उल्लंघन या अन्य अवैध या अनैतिक आचरण को पूरे विश्वास के साथ रिपोर्ट करने के लिए दंडित नहीं किया जाएगा
- जो कर्मचारी उल्लंघन की झूठी रिपोर्ट सबमिट करता है, उस पर उपयुक्त कानूनों और विनियमों के अनुसार अनुशासनात्मक प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं
- अगर कोई व्यक्ति उल्लंघन की रिपोर्ट करता है और किसी तरह से उल्लंघन में शामिल है, तो इस तथ्य को ध्यान में रखा जाएगा कि उल्लंघन की सूचना दी गई थी

## क्या सभी मुद्दों की जांच की जाती है और इसके परिणाम क्या होते हैं?

पावती रसीद उत्तर 7 व्यावसायिक दिनों के अंदर रिपोर्ट करने वाले व्यक्तियों को भेजे जाएंगे। उल्लंघनों की सभी रिपोर्टों की जांच और आवश्यक संसाधनों का आवंटन अनुपालन अधिकारी या ऑडिट कमेटी द्वारा होगा। कर्मचारियों को खुद जांच नहीं करनी चाहिए, बल्कि ऐसी जांच को अनुपालन अधिकारी या ऑडिट कमेटी द्वारा चुने गए उपयुक्त व्यक्तियों पर छोड़ देना चाहिए। ऐसे व्यक्तियों की संख्या सीमित होगी और वह गोपनीयता के ऊंचे दायित्व से बंधे होंगे। इसके अलावा, डेटा प्रोसेसिंग और रिपोर्टों तक पहुंच लागू कानून और विनियमन के अनुसार सीमित और संरक्षित होगी।

रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति और संभावित गवाहों की रक्षा करने के लिए, रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति, दोषी ठहराए गए व्यक्ति, गवाहों या उन कर्मचारियों को लिखित जांच की रिपोर्ट नहीं भेजी जाएगी जिनकी इंटरव्यू ली गई थी। रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति को EthicsPoint के माध्यम से स्थिति का अपडेट दिया जाएगा, और गोपनीयता कारणों से या स्थानीय कानून का पालन करते हुए रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति और दोषी व्यक्ति को केवल मौखिक रुप से विस्तृत निष्कर्ष दिए जा सकते हैं।

अगर किसी जांच का परिणाम संकेत करता है कि सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है, तो समस्या को सुधारने और इसके दुबारा होने की संभावना को रोकने के लिए एप्टार या ऑडिट कमेटी यह तय करेगी कि क्या कदम उठाने हैं, जिसमें, उचित होने पर, कानूनी कार्रवाई और अनुशासनिक प्रक्रिया शामिल है, जिससे लागू कानून और विनियमों के अनुसार, निष्कासन तक और निष्कासन समेत, प्रतिबंध लग सकते हैं।

## निजी डेटा का प्रबंधन कैसे किया जाता है?

कर्मचारी अपने बारे में निजी डेटा तक पहुंच के हकदार हैं जो EthicsPoint के संबंध में एकत्र किया जा सकता है और डेटा गलत, अधूरा, अस्पष्ट या पुराना पाए जाने पर सुधारे या हटाए जाने के हकदार हैं। कर्मचारी इस तरह के डेटा को रखने के लिए वैध आधार पर आपत्ति करने के भी हकदार हैं।

अगर यह जोखिम है कि निजी डेटा तक इस तरह की पहुंच एप्टार की आरोपों की कुशलतापूर्वक जांच करने या आवश्यक सबूत एकत्र करने की क्षमता को संकट में डालती है, तो दोषी ठहराए गए व्यक्ति को नोटिस में तब तक देरी हो सकती है जब तक कि सबूतों के विनाश या परिवर्तन को रोककर उनकी रक्षा के लिए ऐसा जोखिम मौजूद हो।

किसी समस्या की रिपोर्ट करने से पहले EthicsPoint इंटरनेट साइट पर विस्तृत डेटा गोपनीयता नियम उपलब्ध हैं।

[1] वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की अकाउंटिंग या आंतरिक नियंत्रण के बारे में चिंताओं को "गोपनीय" चिह्नित लिफाफे में डाक द्वारा AptarGroup की ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष, B. Craig Owens, AptarGroup, Inc. 265 Exchange Drive, Suite 301 Crystal Lake, Illinois 60014 USA के पते पर या bcraigowens@gmail.com. फे जरिए भी कंपनी की ऑडिट कमेटी को सबमिट (गुमनाम रूप से या नहीं) किया जा सकता है। इसके अलावा, दुनिया भर में एप्टार या इसकी किसी भी सहायक कंपनी में सभी संभावित धोखाधड़ी के आरोपों या वास्तविक धोखाधड़ी की घटनाओं का भी खुलासा स्टीफन टेंडा, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, या रॉबर्ट कुह्न, कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य वित्तीय अधिकारी को भी किया जा सकता है। यह आवश्यक नहीं है कि कथित धोखाधड़ी की पुष्टि की जाए या इसे उनके ध्यान में लाने से पहले साबित किया जाए। सभी कथित, संदिग्ध या वास्तविक धोखाधड़ियों के बारे में, चाहे यह प्रकृति में कितनी भी छोटी या बड़ी क्यों ना हो, तुरंत सूचित किया जाना चाहिए।

# संशोधन, परिवर्तन और छूट

इस आचार संहिता को सिर्फ कंपनी के निदेशक मंडल या कंपनी के निदेशक मंडल की ऑडिट कमेटी द्वारा संशोधित किया जा सकता है, इसमें परिवर्तन किया जा सकता है या छूट दी जा सकती है। कार्यकारी अधिकारियों या निदेशकों के पक्ष में इस आचार संहिता में कोई भी परिवर्तन या छूट के बारे में कंपनी के शेयरधारकों को तुरंत प्रतिभूति और विनिमय आयोग के पास फॉर्म 8-K दाखिल करके या कंपनी की वेबसाइट पर एक बयान प्रकाशित करके बताया जाना चाहिए।






# अनुपालन **प्रमाण-पत्र**

**बॉक्स को चेक करके और इस दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करके, आप निम्नलिखित को स्वीकार करते हैं:**

☐ "मुझे एप्टार की आचार संहिता मिली है और मैंने उसे पढ़ा है और मैं इसके द्वारा प्रमाणित करता/करती हूं कि मैं इस आचार संहिता में उल्लिखित सभी लागू कानूनों, विनियमों, नियमों, नीतियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन करने के लिए सहमत हूं।"

## हितों के टकराव की घोषणा

कृपया नीचे किसी भी हितों के टकराव की घोषणा करें (विशेष रूप से, प्रतियोगी, सप्लायर या ग्राहक के लिए काम करने वाला आपका जीवन साथी, परिवार का कोई सदस्य या करीबी दोस्त)।

________________________________________

________________________________________

________________________________________

नाम प्रिंट करें: ______________________________

हस्ताक्षर: ______________________________

तारीख: ______________________________

स्थान: ______________________________

खंड: ______________________________

आपको इलेक्ट्रॉनिक रूप से वार्षिक आचार संहिता पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जाएगा, लेकिन, अगर आपको हाल ही में काम पर रखा गया था या अगर आप ऑनलाइन हस्ताक्षर करने में असमर्थ हैं, तो कृपया इस प्रमाणपत्र को मैन्युअल रूप से पूरा करें और हस्ताक्षरित करें और legalandcompliance.glo@aptar.com. पर वापस करें।